तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 12 फरवरी 2025




## खबर संक्षेप

### कलेक्टर चंद्रवाल ने जुर्रीपारा पहुंचकर किया मतदान



**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने शासकीय नवीन प्राथमिक शाला जुर्रीपारा बालोद के मतदान केन्द्र क्रमांक 18 में पहुँचकर मतदान किया। इस दौरान चंद्रवाल ने नगरीय निकाय के सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी की।

### धनोरा में माघी पुन्नी पर आज लगेगा मेला



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनोरा में आज माघी पुन्नी मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति द्वारा भोजन भंडारा का आयोजन किया गया है। श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार समिति द्वारा 67 वर्ष से निरंतर माघी पुन्नी के दिन मेला मड़ई एवं भंडारा का आयोजन किया जाता है। भंडारा में सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक हजारों भक्तगण प्रसाद ग्रहण करते हैं। समिति के अध्यक्ष झब्बू साहू एवं वासुदेव सप्रे ने बताया कि रात्रि में बाहर बाहर से आने वाले सगा पहुना एवं समस्त ग्रामवासी के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। लेकिन, इस वर्ष चुनाव के कारण आचार संहिता के कारण रात्रि में होने वाले छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग हेमलाल कौशल कृत का कार्यक्रम नहीं होगा। उक्त कार्यक्रम अब हनुमान प्रकटोत्सव के पावन पर्व पर अप्रैल में आयोजित किया जाएगा।

### 8वीं के छात्र ने लगाई फांसी

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित रेलवे कॉलोनी निवासी कक्षा 8 वीं के छात्र ने अज्ञात कारणों से घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार छात्र शहर के रेलवे कॉलोनी का रहने वाला था। वह बालोद के निजी विद्यालय में कक्षा 8 वीं का छात्र था। उसने अज्ञात कारणों से घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, सोमवार को देर रात होने के कारण मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। टीआई रविशंकर पाण्डेय ने कहा कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।


## चुनाव : 164 मतदान केन्द्रों में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक हुआ मतदान, परिणाम 15 को

# जिले के 8 नगरीय निकाय अध्यक्ष के 29 व पार्षद पद के 376 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में 8 नगरीय निकाय क्षेत्रों के 164 मतदान केन्द्रों में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। आठों निकायों में अध्यक्ष पद के 29 और पार्षद पद के कुल 376 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बालोद में 61, दल्लीराजहरा में 79, गुरूर में 31, गुण्डरदेही में 39, डौण्डीलोहारा में 46, डौण्डी में 35, चिखलाकसा में 38 और अर्जुन्दा में 47 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज ईवीएम में कैद हो गया। 15 फरवरी को सभी के भाग्य का फैसला होगा।

जिला प्रशासन द्वारा किए गए चाक-चौबंद व्यवस्था के फलस्वरूप जिले में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से मतदान हुआ। मतदान सुबह 08 बजे से प्रारंभ कर दिया गया था। मतदान कर्मियों द्वारा निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सर्वप्रथम मॉक पोल संपन्न कराकर मतदान प्रारंभ किया गया। जिला मुख्यालय बालोद के वार्ड नंबर 15 जुर्रीपारा स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक शाला मतदान केन्द्र क्रमांक 18 में नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहली बार पहुँचे युवा मतदाता चन्द्रकांत उर्वशा अपने मताधिकार का प्रयोग को लेकर बहुत ही उत्साहित नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय आम निर्वाचन में उन्हें पहली बार अपने मताधिकार प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इसी तरह वार्ड नंबर 16 शिकारी पारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 19 प्राथमिक शाला भवन में आए बुजुर्ग दंपत्ति 68 वर्षीय दुखित राम वर्मा एवं उनकी 60 वर्षीय धर्मपत्नी चित्ररेखा वर्मा ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। मंगलवार को हुए मतदान के दौरान विशेष उल्लेखनीय बात यह रही कि अपने शहर की सरकार चुनने में जिले के नगरीय क्षेत्रों में निवासरत मतदाताओं के अलावा जिले के बाहर अन्य स्थानों पर निवासरत मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने में पीछे नहीं रहे। उन्होंने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व को समझते हुए अपनी कर्मभूमि से जन्मभूमि में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी कड़ी में रायपुर में कार्यरत जिला मुख्यालय बालोद के शिकारी पारा निवासी ढालेश्वर धुर्वे ने अपनी धर्मपत्नी हिना धुर्वे के साथ शिकारी पारा मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल, बैठक तथा वेटिंग रूम आदि की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से निर्वाचन संपन्न कराने सुरक्षा की भी चाक–चौबंद व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक मतदान केन्द्र में सुरक्षा बलों की तैनातगी सुनिश्चित की गई थी। इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, जोनल अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन कार्य की सतत मॉनिटरिंग करते हुए निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।







### दिव्यांग मतदाता भी पीछे नहीं रहे

नगरीय निकाय आम निर्वाचन में दिव्यांग मतदाता भी लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना योगदान देने के लिए पीछे नहीं रहे, वार्ड नंबर 16 शिकारी पारा बालोद के मतदान केन्द्र क्रमांक 19 प्राथमिक शाला भवन में व्हील चेयर पर पहुँचकर 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला कस्तुरी बाई यादव ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



## गुरूर में अध्यक्ष व पार्षद उम्मीदवार चुनने मतदाताओं में दिखा उत्साह

**गुरूर।** नगर में नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष सहित 15 वार्ड पार्षदों के लिए कुल 35 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। 15 फरवरी को किसके भाग्य का पिटारा खुलेगा यह अब चर्चाओं में है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। वहीं, मतदाता ने खामोशी के साथ अपना मतदान कर फिर से अपने कार्य में व्यस्त हो चुके हैं।

नगर में अध्यक्ष पद के लिए कुल 4 उम्मीदवार थे, मगर मुख्य टक्कर भाजपा के प्रदीप साहू एवं कांग्रेस के टिकेश्वर साहू के मध्य ही दिखा। वहीं, 15 वार्ड में भी भाजपा व कांग्रेस में सीधी टक्कर दिखी, हालांकि यहां 15 वार्डों में कुल 31 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था की थी, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे, मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। 15 वार्डों के लिए 15 मतदान केन्द्र बनाए गए थे।

वहीं, यहां बनाया गया सेल्फी पाइंट मतदाताओं के साथ बच्चों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र रहा। आकर्षक सेल्फी प्वांइट को देख मतदाता वहां रूककर फोटो खिंचवाने लालायित नजर आए। सेल्फी प्वांइट का क्रेज इतना रहा कि मतदाता भीड़ के बाद भी सेल्फी प्वांइट में फोटो लेने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।




### यहां दिखी अव्यवस्था

शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल व प्राथमिक शाला प्रांगण में सर्वाधिक 6 मतदान केन्द्र बनाए गए थे, यहां मतदाताओं को भटकते देखा गया। यहां न अटेंडर की व्यवस्था दिखी और न ही जानकारी देने वाले कोई सहयोगी नजर आए। मतदाता ही एक दूसरे से पूछ कर मतदान केन्द्रों तक पहुंच रहे। दिव्यांग व अस्वस्थ मरीजों को लाने-ले जाने के लिए व्हील चेयर तो नजर आया, लेकिन उन्हें मतदान केन्द्रों तक ले जाने वाले नजर नहीं आए। मीडियाकर्मी ही कमजोर मतदाता को रैंप पर चढ़ने में सहयोग कर मतदान केन्द्र के दरवाजे तक मतदाता को पहुंचाते दिखे।

### पहले मतदान, फिर विवाह की रस्म...



**बालोद।** एक विवाह ऐसा भी जागरूक दुल्हन ने कहा कि मतदाधिकार करने के बाद ही होगी हल्दी की रस्म पूरी। बालोद शहर के वार्ड क्रमांक 6 की रहने वाली खिलेश्वरी साहू (सपना) का विवाह हो रहा है। मंगलवार से शादी की रस्म आरंभ हो गई है। दुल्हन खिलेश्वरी साहू विवाह की रस्मों के बीच उसी लिबास में पाण्डेपारा स्थित मतदान केन्द्र पहुंचीं और मतदान किया।

## दल्लीराजहरा में सुबह 8 बजे से लगी मतदाताओं की लंबी कतार

**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा नगरीय निकाय चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस बार का चुनाव त्रिकोणीय संघर्ष में बदल गया, जिससे शहर में अध्यक्ष पद को लेकर खासा उत्साह और चर्चा बनी रही। प्रातः 8 बजे से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। खास बात यह रही कि इस वर्ष महिलाओं और पुरुषों ने पहले की तुलना में अधिक संख्या में मतदान किया, जिससे मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी रवि जायसवाल, भाजपा प्रत्याशी तोरण लाल साहू, और संघर्ष मोर्चा प्रत्याशी संतोष देवांगन के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। तीनों प्रत्याशियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और विभिन्न वार्डों में जाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। स्थानीय पुलिस और प्रशासन द्वारा किए गए चाक-चौबंद व्यवस्था के फलस्वरूप दल्लीराजहरा सहित चिखलाकसा में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सफलतापूर्वक मतदान हुआ है। मतदान के दौरान विशेष उल्लेखनीय बात यह रही कि अपने शहर की सरकार चुनने में दल्लीराजहरा के नगरीय क्षेत्रों में निवासरत मतदाताओं के अलावा जिले के बाहर अन्य स्थानों पर निवासरत मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने में पीछे नहीं रहे। उन्होंने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व को समझते हुए अपने कर्मभूमि से जन्मभूमि में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अब सभी की नजरें चुनाव परिणामों पर टिकी हैं, जिससे यह तय होगा कि दल्लीराजहरा नगर पालिका का नेतृत्व किसके हाथ में जाएगा। शहर का अध्यक्ष कौन बनेगा, किसका भाग्य खिलेगा। 15 फरवरी तक नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों के भविष्य मतदान के पेटियों में कैद है। इस बार अप्रत्याशित परिणाम आने की संभावना है।



## डौंडी में नगर सरकार चुनने 81.93 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

**डौंडी।** नगर पंचायत डौंडी में हुए 15, वार्डों के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। डौंडी नगर पंचायत में कुल 5491 में से कुल 4499 मतदाताओं ने मतदान किया। इस प्रकार मतदान का प्रतिशत कुल 81.93 रहा। इनमें 2372 महिलाओं व 2127 पुरुष मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। डौंडी नगर पंचायत वार्ड 04 दुर्गा मंदिर वार्ड में अधिकतम 89.71 प्रतिशत और वार्ड 07 डॉ राम मनोहर लोहिया वार्ड में सबसे कम 74.30 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गई थीं। थाना प्रभारी उमा ठाकुर भी दल बल के साथ ड्यूटी व्यवस्था में थी। निर्वाचन अधिकारी आरके सोनकर, सहायक निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार, संतोष देवांगन ने नगर पंचायत के विभिन्न पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को चुनावी प्रक्रिया सुचारू और निष्पक्ष रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। चुनाव कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मतदान प्रतिशत का सही आंकड़ा प्रस्तुत करने को कहा।

■ मतदान करने में महिलाएं रहीं पुरुषों से आगे

बुजुर्ग, दिव्यांग और महिला मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई। वार्ड के नागवंशी ने कहा, मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है। हमें उम्मीद है कि हमारे द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हमारे क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे। प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटियों में आज कैद हो गई है, अब 15 फरवरी को मतगणना होगी।





### स्काउट-गाइड ने मतदान कार्य के दौरान किया सहयोग



**डौंडी।** नगरीय निकाय चुनाव के दौरान 11 फरवरी को डौंडी विकासखंड के अनेक मतदान केंद्रों में निर्वाचन कार्य के सुचारू रूप से संचालन में भारत स्काउट गाइड के स्काउट एवं गाइड्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने मतदान दलों के कर्मचारी-अधिकारियों के साथ अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने पानी पिलाने, बुजुर्गों को मतनान केंद्र तक ले जाने में सहयोग दिया। विकासखंड डौंडी के सेजेस विद्यालय डौंडी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक बालक शाला डौंडी से लीसा, गौरव प्रकाश ठाकुर, तेजस्वी ने गाइड प्रभारी तनुजा बंजारे के साथ सेवा कार्य किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेएस भारद्वाज, जिला डीओसी प्रेमलता चंद्राकर, जिला सचिव केएल गजेंद्र के मार्गदर्शन में सेवा कार्य किया गया। प्रभारी शिक्षक तनुजा बंजारे का सहयोग रहा। साथ ही बीआरसी सच्चिदानंद शर्मा, सभी संस्था के प्राचार्य ने कार्य की सराहना की।

**ग्राम डोकला में कबड्डी प्रतियोगिता 27 को: गुरूर।** ग्राम डोकला में युवा संगठन व ग्रामवासियों के सहयोग से 27 फरवरी को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता रखी गई है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10000 रूपये, द्वितीय 7000, तृतीय 5000 रूपये रखा गया है। समिति के सदस्य खिलेंद्र टेमुनिया टोकेश्वर लावत्रे डिगेश लावत्रे, लोकेश्वर लावत्रे ने बताया कि प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर बेस्ट कैचर एंड बेस्ट आलराउंडर खिलाड़ी के लिए कप रखा गया है

## इस बार पिछले चुनाव की तुलना में 8.05 प्रतिशत कम मतदान हुआ

# नगरीय निकायों में 73.54 प्रतिशत मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत 11 फरवरी को जिले के सभी 08 नगरीय निकायों में सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हुआ। जिले के नगरीय निकायों में 73.54 प्रतिशत मतदान हुआ। 2019 की तुलना में इस चुनाव में 8.05 प्रतिशत कम मतदान हुआ।

2019 में हुए नगरीय निकाय चुनाव में जिले में 81.59 प्रतिशत कुल मतदान हुआ था। जिले में सबसे अधिक मतदान नगर पंचायत गुरूर में 86.88 प्रतिशत हुआ। वहीं, सबसे कम नगर पालिका दल्लीराजहरा में 65.96 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बार महिलाओं की तुलना में पुरूषों ने अधिक मतदान किया। मिली जानकारी के अनुसार महिलाओं का मतदान प्रतिशत 72.66 रहा। वहीं, पुरूषों में 74.52 प्रतिशत मतदान किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि जिले के 08 नगरीय निकायों में कुल 73.54 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसमें नगर पालिका परिषद बालोद में 75.14 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में 65.96 प्रतिशत, नगर पंचायत गुरूर में 86.88 प्रतिशत, नगर पंचायत गुण्डरदेही में 84.48 प्रतिशत, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में 82.54 प्रतिशत, नगर पंचायत डौण्डी में 81.93 प्रतिशत, नगर पंचायत चिखलाकसा में 74.22 प्रतिशत एवं नगर पंचायत अर्जुंदा में 77.83 प्रतिशत मतदान हुआ है।




पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

जन्मदिन उत्सव

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

